प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 19.06.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क्रोएशिया की यात्रा के बाद नई दिल्ली के लिए रवाना हुएं यात्रा के दौरान कई उच्चस्तरीय बैठके कीं
- भारत ने ईरान से अपने नागरिकों को सुरक्षित निकालने के लिए ऑपरेशन सिंधु शुरू किया–110 भारतीय विद्यार्थियों को लेकर एक विमान आज तडके स्वदेश पंहुचां
- राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय का 9वां दीक्षांत समारोह आज–केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी शिरकत करेंगें
- प्रदेश में मॉनसून ने दक्षिण और दक्षिण–पूर्वी हिस्सों से प्रवेश किया और आधे राज्य में फैलां

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क्रोएशिया की यात्रा के बाद नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं श्री मोदी की इस यात्रा के दौरान कई उच्च स्तरीय बैठकें हुईं प्रधानमंत्री मोदी ने कल बांस्की वोरी में क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता कीं दोनों नेताओं ने संयुक्त प्रेस वक्तव्य जारी कियां इसमें वैश्विक शांति, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा व्यापार, प्रौद्योगिकी और संस्कृति के क्षेत्र में सहयोग बढाने की प्रतिबद्धता पर बल दिया गयां प्रधानमंत्री ने आतंकवाद की निंदा करते हुए इसे मानवता का दुश्मन बतायां उन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के प्रति एकजुटता और समर्थन के लिए क्रोएशिया के नेताओं और जनता को हार्दिक धन्यवाद दियां प्रधानमंत्री ने क्रोएशिया में योग की बढ़ती लोकप्रियता की भी सराहना कीं उन्होंने विश्वास प्रकट किया कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे देश में उत्साह के साथ मनाया जाएगां भारत और क्रोएशिया ने चार समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किएं प्रधानमंत्री मोदी ने क्रोएशिया के राष्ट्रपति ज़ोरान मिलानोविच के साथ भी बैठक कीं

0000

उत्तरी ईरान से निकाले गए 110 भारतीय विद्यार्थियों को लेकर एक विमान आज तड़के नई दिल्ली पहुंचां ईरान और इस्राइल के बीच चल रहे संघर्ष के कारण बिगड़ते हालात के मद्देनजर भारत ने ईरान से अपने नागरिकों को निकालने के लिए ऑपरेशन सिंधु शुरू किया हैं पहले कदम के तहत तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने 17 जून को उत्तरी ईरान से 110 भारतीय विद्यार्थियों को निकाला और उन्हें सुरक्षित आर्मीनिया पहुंचने में मदद कीं ये लोग आर्मीनिया की राजधानी येरेवन से विशेष विमान से आज सुबह नई दिल्ली पहुंचें ईरान में भारतीय नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे तेहरान में भारतीय दूतावास के आपातकालीन हेल्पलाइन और नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय द्वारा स्थापित 24 घटे के नियंत्रण कक्ष के माध्यम से संपर्क में रहें

0000

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस काउन्टडाउन के तहत प्रदेशभर में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं शिविर लगाकर लोगों को स्वस्थ रहने के लिए योग को अपनाने की सलाह दी जा रही हैं इसी कडी में आज भरतपुर के विश्व शास्त्री पार्क में एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य थीम को लेकर योगाभ्यास किया गयां योग प्रशिक्षकों ने लोगों को विभिन्न योग क्रियाएं करायीं जोधपुर के मेहरानगढ, मंडोर उद्यान और सम्राट अशोक उद्यान में भी नियमित योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं उधर जैसलमेर में बीएसएफ के जवान विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास कर लोगों को योग को दिनचर्या में शामिल करने का संदेश दे रहे हैं बीएसएफ के कमांडेट पी एल सिंह ने बताया कि योग के माध्यम से सीमा पर तैनात जवान मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी निभाने में सक्षम होते हैं

.....

0000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कल बूंदी के केश्योरायपाटन क्षेत्र में गेण्डोली और फौलाई लिफ्ट सिंचाई परियोजनाओं का लोकार्पण कियां उन्होंने कहा कि ये सिंचाई परियोजना हर खेत तक पानी पंहुचाने के संकल्प की दिशा में मजबूत कदम हैं 123 करोड़ रूपये की लागत से बनी इस परियोजना से 17 गांवों को सिंचाई के लिए पानी मिलेगां उन्होने कहा कि आने वाले समय में नौनेरा बांध का पानी भी इस क्षेत्र में पंहुचेगा, जिससे पेयजल और सिंचाई के लिए पानी की समस्या का स्थायी समाधान होगां लोकसभा अध्यक्ष ने खटकड़ ग्राम पंचायत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण भी कियां उन्होंने कहा कि 30 बेड के इस केंद्र के बनने से लोगों को जल्द और सुलभ चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगीं

0000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आज कोटा कृषि विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगें कोटा सियाम ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले समारोह में राज्यपाल कृषि उद्यानिकी और उद्यानिकी संकायों के 343 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान करेंगें साथ ही 14 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक दिया जायेगां राज्यपाल राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय में 1 करोड 20 लाख रूपये की लागत से बने स्वागत द्वार का लोकार्पण भी करेंगें उधर अजमेर स्थित राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय का 9वां दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया जायेगां समारोह में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी शिरकत करेंगें समारोह में 49 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिये जायेंगें

....

0000

स्वच्छ भारत मिशन के तहत जोधपुर शहर में अब नई कचरा संग्रहण प्रणाली शुरू की जायेगीं इसके तहत खुले वाहन में कचरा परिवहन करने के बजाय केप्सूल व्हीकल से किया जायेगां हमारे संवाददाता ने बताया कि इस परियोजना पर 21 लाख रूपये खर्च किये जायेंगें

.....

0000

प्रदेश में इस बार मॉनसून तय समय से एक सप्ताह पहले ही आ गया हैं मानसून ने राज्य के दक्षिण और दक्षिण–पूर्वी हिस्से से प्रवेश किया और ये आधे राज्य में फैल गयां इससे भीलवाड़ा, सीकर, कोटा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, पाली, जोधपुर, हनुमानगढ़, जालौर और माउंट आबू सहित कई हिस्सों में बरसात हुईं सबसे ज्यादा बारिश भीलवाड़ा में 39 मिमी दर्ज की गई भरतपुर में कल रात से शुरू हुआ कभी तेज तो कभी हल्की बरसात का दौर आज सुबह तक जारी रहां करौली और चूरू में देर रात तेज बरसात हुई, जिससे निचले इलाकों में पानी भर गयां पाली के देसुरी, सादडी, चाणोद और तखतगढ में अच्छी बरसात हुईं वहीं बिसलपुर, पैरवा और जिंवदा सहित आस–पास के गांवों में दिनभर बरसात का सिलसिला चलता रहां भीलवाडा के सहाडा, गंगापुर, करोडा, मांडलगढ और बिजोलिया क्षेत्र में कई स्थानों पर जमकर पानी बरसां बारिश से तेज गर्मी और उमस से प्रदेशवासियों को निजात मिली हैं वहीं इस बरसात से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं वे अपने खेतों को खरीफ की फसल की बुवाई के लिए तैयार करने में जुट गए हैं मौसम विभाग ने आज दक्षिण पूर्वी इलाकों में हल्की से मध्यम बरसात की संभावना व्यक्त की हैं जयपुर, सीकर, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर, टोंक, बूंदी, बारां, कोटा, झालावाड, भीलवाडा, चित्तौडगढ, उदयपुर, डूंगरपुर और बांसवाडा जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया हैं मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि दो दिनों तक पूर्वी राजस्थान में मॉनसून की सक्रियता बनी रहेगीं

.....

0000